स्पाइस मनी ने की सोनू सूद के साथ साझेदारी

पटना (आससे)। देश की प्रमुख ग्रामीण फिनेटेक फर्म स्पाइस मनी ने मानवतावादी और परोपकारी कार्यों में अग्रणी अभिनेता सोनू सूद के साथ साझेदारी करने का एलान किया। यह साझेदारी देश के १ लाख ग्रामीण उद्यमियों को डिजिटल और वित्तीय रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से की गई है। कोविड-१९ महामारी के फैलने के बाद से ही सोनू सूद का लक्ष्य देश के दूरस्थ कोनों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों की मदद करना रहा है दूसरी तरफ स्पाइस मनी का उद्देश्य डिजिटल सशक्तीकरण और वित्तीय समावेशन के माध्यम से देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। इस तरह ग्रामीण भारत को डिजिटल तौर पर आगे बएाने के संयुक्त विजन को देखते हुए सोनू सूद और स्पाइस मनी ने कस्बों और गांवों में एक उद्यमी मानसिकता बनाने की दिशा में मिलजुलकर काम करने का निर्णय किया है। इस साझेदारी के तहत सोनू सूद कंपनी में इक्विटी हिस्सेदारी रखेंगे। उन्हें कंपनी में नॉन-एक्जीक्यूटिव एडवाइजरी बोर्ड मेंबर के रूप में नियुक्त किया गया है।